# कारी-मजौना खदान से थम नहीं रही रेत की चोरी

## कर्थुआ मार्ग से बहरी समेत, देवसर के आसपास इलाको में धड़ल्ले के साथ रेत का हो रहा अवैध कारोबार



**नवभारत न्यूज**
**सिंगरौली, 12 अप्रैल। देवसर के मजौना एवं कारी खदान से रेत की चोरी दिनों दिन बढ़ती जा रही है। आलम यह है कि यहां रोजाना आधा सैकड़ा हाईवा वाहन एवं दो दर्जन ट्रैक्टर रेत के उत्खनन एवं परिवहन तथा भण्डारण में लगे रहते हैं। पुलिस आलाधिकारियों की नजरे ओझल हो जा रही हैं।**

दरअसल देवसर ब्लॉक के मजौना एवं कारी रेत खदान में अवैध रेत कारोबारी काफी हावी हैं। सूत्र बताते हैं कि यहां दोनों खदानों से रोजाना दर्जनों ट्रैक्टर एवं हाईवा वाहन रेत का उत्खनन कर परिवहन करने के लिए लगे हुये हैं और यह रेत देवसर होते हुये कर्थुआ मार्ग से बहरी क्षेत्र में व्यापक पैमाने पर खपाई जा रही है। वहीं कर्थुआ क्षेत्र में आधा दर्जन ट्रैक्टर कारोबारी भी रेत के उत्खनन एवं परिवहन में लगे हुये हैं। शिकायत के बावजूद जियावन एवं चितरंगी की पुलिस चुप्पी साध रखी है। इसके पीछे कारण क्या है, यह बात किसी से भी छुपी नही है, बल्कि शिकायत कर्ताओं पर ही पुलिस दबाव बनाने लगती हैं और यदि पुलिस की बात शिकायत कर्ता नही सुने तो वे पुलिस के निशाने पर आ जाते हैं। इसी के चलते अब शिकायतकर्ता भी खुलकर सामने नही आते। जिसका फायदा पुलिस के साथ-साथ अवैध रेत कारोबारी उठा रहे हैं। हालांकि दो दिन पूर्व कलेक्टर गौरव बैनल के निर्देश पर खनि अधिकारी आकांक्षा पटेल की देखरेख में खनिज विभाग की टीम ने देवसर अंचल में छापामार कार्रवाई करते हुये तीन अलग-अलग स्थानों से रेत जप्त कर कार्रवाई की है। खनिज विभाग के उक्त कार्रवाई के बाद एक-दो दिन तक रेत की चोरी कुछ हद तक नियंत्रण में रही, परंतु अवैध रेत कारोबारी पुनः सक्रिय हो गये हैं। आरोप लगाया जा रहा है कि देवसर राजस्व विभाग से लेकर पुलिस इन दिनों रेत कारोबारियों पर सख्ती के साथ कार्रवाई करने से कदम खींच ले रही हैं। जिसके चलते रेत कारोबारी बिना किसी डर-भय के धड़ल्ले के साथ कारी एवं मजौना क्षेत्र से रेत की चोरी कर रहे हैं। यहां के प्रबुद्ध नागरिको ने इस ओर पुलिस महानिरीक्षक रीवा एवं कलेक्टर का ध्यान आकृष्ट कराते हुये रेत के अवैध कारोबारियों के खिलाफ सख्ती के साथ कार्रवाई किये जाने की मांग की है।

### वसूली के लिए तैनात रहती है पुलिस

सूत्र बता रहे हैं कि कर्थुआ मार्ग से बहरी की ओर जाने वाले हाईवा वाहन एवं ट्रैक्टरों पर कर्थुआ प्वाइंट पर तैनात पुलिस कर्मियों की हमेशा नजरें लगे रहते हैं। कथित पुलिस कर्मी इन वाहनों से रोजाना एक रात का 5-5 हजार रूपये हाईवा वाहनों ने वसूल करता है। चर्चाएं यहां तक है कि इसमें बहरी पुलिस का भी संरक्षण मिला है और यह देवसर इलाके से रेता लेकर कर्थुआ मार्ग होते हुये बहरी इलाके में खपाया जा रहा है। हालांकि एक-दो दिन से बहरी पुलिस किन्ही बातों को लेकर रेत कारोबारियों से नाराज हो गई है, जिससे रेत कारोबारी सशंकित हैं। रेत कारोबारी कार्रवाई की डर से रूट बदल दिये हैं। बहरी पुलिस की नाराजगी इस बात को लेकर हुई, यह तो बता पाना मुश्किल है, लेकिन इस बात की चर्चा है कि दोनों जिलों के पुलिस के संरक्षण में ही रेत के अवैध कारोबार खूब फल-फूल रहा है।

### एसपी का निर्देश भी बेअसर

सूत्रों के मुताबिक सहाकार ग्लोबल कंपनी के कर्ताधर्ताओं को जब रेत चोरी के मामले में जानकारी हुई तो एसपी को अवगत कराया गया, चर्चाएं हैं कि एसपी ने इस मामले में संबंधित थाना प्रभारियों को अवैध रेत रोकने के लिए निर्देशित किया, परंतु एसपी का निर्देश भी अब तक बेअसर साबित हो रहा है और रेत कारोबारी संबंधित थानों के पुलिस पर भारी पड़ते नजर आ रही है। यही कारण है कि एसपी के निर्देश के बावजूद स्थानीय पुलिस कार्रवाई करने से बच रही है। हालांकि संबंधित थाना पुलिस के लिए रेत चोरी अतिरिक्त आमदनी का एक बढ़िया जरिया है। पुलिस उन्ही को छूट देती है, जिनसे अच्छा तालमेल हो और यदि दूसरा रेत कारोबारी सक्रिय हुआ तो, उसपर पुलिस कार्रवाई भी करती है। चितरंगी थाना क्षेत्र के कर्थुआ में भी कुछ दिन पहले पुलिस ने इसी तरह की कार्रवाई की थी, जो चर्चाओं में है। पुलिस के कार्यप्रणाली पर उंगलियां उठाई जा रही है।



# जल संरक्षण और ग्रामीण विकास कार्यों को प्राथमिकता दें : राधा

## चितरंगी में राज्यमंत्री ने सरपंचों संग किया संवाद

**नवभारत न्यूज**
**चितरंगी 12 अप्रैल। जनपद पंचायत चितरंगी में जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत सरपंचों के साथ संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में राज्य मंत्री राधा सिंह मुख्य रूप से मौजूद रहीं।**

राज्य मंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि चितरंगी जनपद के समग्र विकास के लिए शासन हर संभव सहयोग प्रदान करेगा। उन्होंने विशेष रूप से जल संरक्षण और ग्रामीण विकास कार्यों को प्राथमिकता देने पर जोर दिया। इस अवसर पर जिपं सीईओ जगदीश कुमार गोमे ने सरपंचों से सीधे संवाद कर क्षेत्र में व्याप्त जल संकट एवं अन्य ग्रामीण समस्याओं की जानकारी ली। उन्होंने कई समस्याओं का मौके पर ही समाधान करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। कार्यक्रम में अतिरिक्त सीईओ अरविंद कुमार डामोर, जपं सीईओ चितरंगी सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

## एक नजर में

### जूनियर रेडक्रॉस एडवेंचर पहुंचा पंचमढ़ी




**सिंगरौली।** राज्य स्तरीय जूनियर रेडक्रॉस एडवेंचर शिविर पचमढ़ी के लिए सिंगरौली जिले का दल पिपरिया रेलवे स्टेशन पर ट्रेन से उतरकर सड़क मार्ग से पचमढ़ी के लिए रवाना हुआ। जिला शिक्षा अधिकारी सिंगरौली एसबी सिंह के मार्गदर्शन व जिला संगठक जेआरसी सर्वेश द्विवेदी के नेतृत्व में यह 15 सदस्यीय दल आज शाम पचमढ़ी पहुँच गया।

### बेरोजगारी एवं प्रदूषण पर विस्थापित तटस्थ

**शक्तिनगर।** ऊर्जांचल विस्थापित कल्याण समिति की साप्ताहिक बैठक में क्षेत्र की ज्वलंत समस्याओं-बेरोजगारी एवं प्रदूषण पर गंभीर चर्चा करते हुए कड़े निर्णय लिए गए। बैठक में वक्ताओं ने आरोप लगाया कि एनटीपीसी सिंगरौली परियोजना के तृतीय चरण विस्तार में तथाकथित दलालों के माध्यम से बाहरी श्रमिकों की भर्ती धन लेकर की जा रही है, जबकि विस्थापित परिवारों के स्थानीय बेरोजगार युवाओं की लगातार उपेक्षा हो रही है। इसके साथ ही भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड द्वारा भी स्थानीय श्रमिकों की अनदेखी किए जाने पर रोष व्यक्त किया गया।

### गहरे पानी में डूबने से अर्द्धविक्षिप्त युवक की मौत

**सिंगरौली।** पुलिस चौकी निवास के महुआ गांव निवासी संजय साहू उर्फ संदीप उम्र 25 वर्ष पिता स्व. शेषमन साहू गांव के ही समीपी दक्षीण टोला स्थित गोविन्द कुण्डा नाला के गहरे पानी में डूब जाने से मौत हो गई। बताया जाता है कि आज दोपहर 12 बजे इसकी जानकारी मिली कि संदीप अन्य लड़को के साथ नहाने गया था कि गहरे पानी में डूब गया। बताया जा रहा है कि युवक का मानसिक संतुलन ठीक नही रहता था।



# सिंगरौली के तीरंदाज राष्ट्रीय स्तर पर रचेंगे इतिहास : शाह

## विधायक ने प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को किया सम्मानित

**नवभारत न्यूज**
**सिंगरौली 12 अप्रैल। एनसीएल ग्राउंड बिलौंजी-बैढ़न में सिंगरौली जिला तीरंदाजी संघ द्वारा आयोजित सम्मान समारोह में राष्ट्रीय तीरंदाजी प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया।**

इस अवसर पर सिंगरौली विधायक रामनिवास शाह ने खिलाड़ियों को प्रमाण पत्र वितरित कर उनका उत्साहवर्धन किया तथा उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएँ दीं। गौरतलब है कि 27 मार्च से 6 अप्रैल तक गुंटूर, आंध्रप्रदेश में आयोजित राष्ट्रीय तीरंदाजी प्रतियोगिता में सिंगरौली के नन्हे खिलाड़ियों ने अंडर 10, अंडर 13 एवं अंडर 15 वर्ग में शानदार प्रदर्शन करते हुए जिले और म.प्र. का नाम राष्ट्रीय स्तर पर गौरवान्वित किया। खिलाड़ियों की इस उपलब्धि से पूरे जिले में हर्ष का माहौल है। विधायक रामनिवास शाह ने कहा कि इन उभरते खिलाड़ियों का अनुशासन, समर्पण और खेल के प्रति लगन प्रेरणादायी है। उन्होंने कहा कि पिछले कुछ वर्षों में जिला तीरंदाजी संघ द्वारा किए गए सतत प्रयासों का ही परिणाम है कि आज सिंगरौली के खिलाड़ी राष्ट्रीय मंच पर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा रहे हैं। आने वाले समय में यही खिलाड़ी प्रदेश और देश के लिए बड़े कीर्तिमान स्थापित करेंगे। इस अवसर पर ननि अध्यक्ष देवेश पांडेय, संजय दुबे, जिला तीरंदाजी संघ के संचालक केडी वैश्य तथा कोच इंद्रजीत सहित कई गणमान्य नागरिक मौजूद रहे। समारोह में खिलाड़ियों और उनके अभिभावकों में विशेष उत्साह देखा गया।

# ऊर्जाधानी में हीटवेव का असर, अस्पताल में पहुंचने लगे मरीज

## उल्टी-दस्त और बुखार से रोजाना दर्जनों लोग पहुंच रहे उपचार के लिए, तापमान में भी उछाल



**नवभारत न्यूज**
**सिंगरौली 12 अप्रैल। जिले में पिछले तीन दिनों से लू का असर लगातार बढ़ता जा रहा है। तापमान में हो रही धीर-धीरे वृद्धि के कारण लोगों का जनजीवन प्रभावित होने लगा है। तेज धूप और गर्म हवाओं के चलते लोग सुबह और शाम के समय ही घरों से बाहर निकलना उचित समझ रहे हैं, जबकि दोपहर में सड़कों पर सन्नाटा पसरा नजर आ रहा है।**

लू के बढ़ते प्रकोप का असर स्वास्थ्य सेवाओं पर भी साफ दिखाई देने लगा है। जिला चिकित्सालय सह ट्रॉमा सेंटर बैढ़न में रोजाना दर्जनों मरीज उल्टी, दस्त, बुखार, चक्कर और कमजोरी की शिकायत लेकर पहुंच रहे हैं। अस्पताल सूत्रों के अनुसार गर्मी बढ़ने के साथ मरीजों की संख्या में लगातार इजाफा हो रहा है। खासकर बच्चे, बुजुर्ग और बाहर काम करने वाले लोग अधिक प्रभावित हो रहे हैं। चिकित्सकों ने लोगों को दोपहर के समय अनावश्यक रूप से बाहर न निकलने, पर्याप्त मात्रा में पानी पीने, हल्का भोजन करने तथा सिर ढककर बाहर निकलने की सलाह दी है। मौसम के बदलते तेवर को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग भी अलर्ट मोड पर है। यदि तापमान इसी तरह बढ़ता रहा तो आने वाले दिनों में स्थिति और गंभीर हो सकती है।

### जिला चिकित्सालय में पानी का दुरूपयोग



जिला चिकित्सालय सह ट्रामा सेंटर बैढ़न में मरीज एवं उनके परिजन भी पानी का दुरूपयोग करने में कोई कोर कसर नही छोड़ रहे हैं। आज रविवार को सैकड़ों लीटर पानी बाथरूम में बह गया। बताया जाता है कि अस्पताल के अंदर से मर्च्यूरी की ओर जाने वाले रास्ते के बगल में महिला व पुरुष प्रसाधन हैं, जहां किसी व्यक्ति के द्वारा नल के तीनों टोटी को खोल दिया गया और दोपहर से लेकर रात 8 बजे तक पानी का दुरूपयोग होता रहा, मरीज भी आते-जाते रहे, परंतु नल की टोटी बंद नही किये।

# इलाज के दौरान घायल एनसीएल कर्मी इंजीनियर की हुई मौत

## वेदांता अस्पताल लखनऊ में चल रहा था इलाज, 5 अप्रैल को आरोपियों ने दिया था घटना को अंजाम



**नवभारत न्यूज**
**सिंगरौली 12 अप्रैल। पुलिस चौकी जयंत के समीपी 5 अप्रैल को आधी रात करीब 12 बजे व्हीव्हीसी दफ्तर जयंत के सामने चार आरोपियों ने एनसीएल के सीडब्ल्यूएस जयंत परियोजना में सिविल विभाग में ओवरसीयर पद पर गौरव सिंह चंदेल के ऊपर वाहन चढ़ा कर गंभीर रूप से घायल कर दिया था।**

आज रविवार की सुबह गौरव ने वेदांता अस्पताल लखनऊ में अंतिम सांस लिया है। हालांकि इस घटना में शामिल आरोपियों को पुलिस ने घटना सूचना के 24 घंटे के अंदर ही गिरफ्तार कर लिया। दरअसल हुआ यूँ था कि गौरव सिंह उम्र 26 वर्ष निवासी इटमा को जयंत व्हीव्हीसी दफ्तर के समीप वाहन ओवर टेक करने के विवाद पर आरोपी लवकुश चौबे, अखण्ड प्रताप सिंह, अभिष सिन्हा एवं पुनीत सिंह चौहान ने बेरहमी से मारपीट करते हुये गंभीर रूप से घायल कर स्कॉर्पियों वाहन से रौंदा था। गौरव की हालत नाजुक होने पर उन्हें वेदांता अस्पताल लखनऊ ले जाया गया, जहां आज सुबह उनकी मौत हो गई। इस घटना को सुन क्षेत्र में शोक लहर व्याप्त है। वहीं गौरव का पूरा परिवार बदहवास हालत में है।

# कांग्रेस के पूर्व प्रदेश प्रवक्ता भास्कर मिश्रा छ : वर्ष के लिए दूसरी बार निष्काशित



**नवभारत न्यूज**
**सिंगरौली 12 अप्रैल। कांग्रेस पार्टी के पूर्व प्रदेश प्रवक्ता भास्कर मिश्रा को प्राथमिक सदस्यता से छः वर्षो के लिए निष्काशित कर दिया गया है। कांग्रेस पार्टी में भास्कर मिश्रा के खिलाफ यह दूसरी बार कार्रवाई है।**

दरअसल कांग्रेस नेता भास्कर मिश्रा आये दिन किसी न किसी मामले को लेकर मामला तूल पकड़ाते रहे। आज जिला कांग्रेस कमेटी सिंगरौली शहर के अध्यक्ष ने छः वर्षो के लिए प्राथमिक सदस्यता से निष्काशित कर दिया है। अध्यक्ष ने आरोप लगाया है कि 1 एवं 2 अप्रैल को नोटिस दी गई थी, लेकिन उसका जवाब नही आया। जिसके चलते निरंतर पार्टी विरोधी गतिविधियों में संलग्र रहने के कारण भास्कर मिश्रा को कांग्रेस के प्राथमिक सदस्यता से छः वर्षो के लिए निष्काशित कर दिया है।

# विधायक बोले : जनता की हर समस्या का होगा त्वरित समाधान

## गांव चलो, बस्ती चलो अभियान के तहत बैढ़न-जयंत मंडल में जनसंपर्क कार्यक्रम आयोजित



**नवभारत न्यूज**
**सिंगरौली 12 अप्रैल। भाजपा के गाँव चलो, बस्ती चलो अभियान के अंतर्गत मंडल बैढ़न के शक्ति केंद्र क्रमांक 42 एवं जयंत मंडल में जनसंपर्क कार्यक्रम आयोजित किया गया।**

कार्यक्रम का नेतृत्व विधायक रामनिवास शाह ने किया। इस दौरान उन्होंने स्थानीय नागरिकों के बीच पहुंचकर आत्मीय संवाद स्थापित किया और क्षेत्रवासियों की समस्याओं, सुझावों एवं अपेक्षाओं को गंभीरता से सुना। इस मौके पर विधायक रामनिवास शाह ने कहा कि जनता की हर समस्या का त्वरित और प्रभावी समाधान हमारी प्राथमिकता है। भाजपा सरकार और संगठन हमेशा जनसेवा के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने लोगों को भरोसा दिलाया कि क्षेत्र में सड़क, बिजली, पानी और अन्य जनसुविधाओं से जुड़ी समस्याओं के समाधान के लिए शीघ्र कार्रवाई की जाएगी। कार्यक्रम के दौरान क्षेत्रवासियों ने अपनी समस्याएं खुलकर रखीं। विधायक ने सभी विषयों पर संबंधित अधिकारियों से समन्वय कर शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि गाँव चलो, बस्ती चलो अभियान का उद्देश्य आमजन तक पहुंचकर उनकी जरूरतों को समझना और जमीनी स्तर पर समस्याओं का समाधान करना है। इस अवसर पर जिले के संगठन प्रभारी विनोद यादव, भाजपा जिलाध्यक्ष सुंदरलाल शाह, ननि अध्यक्ष देवेश पांडेय, भाजपा जिला महामंत्री विक्रम सिंह, पार्षद संतोष शाह, उपाध्यक्ष आशीष वैश्य सहित अन्य मौजूद रहे।

# विरोध किया तो घर पर गिराया पेड़, गनियारी का मामला



**नवभारत न्यूज**
**सिंगरौली 12 अप्रैल। जिले के वार्ड क्रमांक 41 गनियारी क्षेत्र में एक स्थानीय विवाद ने गंभीर रूप ले लिया है। यहां निवासी गोपाल दास ने आरोप लगाया है कि उनके ही जमीन पर लगाए गए पेड़ों को काटने के लिए मिलन सोनी द्वारा लगातार दबाव बनाया जा रहा था। जब उन्होंने इसका विरोध किया, तो मामला कथित तौर पर धमकी और मनमानी तक पहुंच गया।**

पीड़ित के अनुसार उन्होंने वर्षों की मेहनत से अपने जमीन पर पौधे लगाए और उनकी देखभाल कर उन्हें बड़े पेड़ों में तब्दील किया। आरोप है कि मिलन सोनी इन पेड़ों को हटाकर अपने उपयोग के लिए रास्ता बनाना चाहते थे। विरोध करने पर कथित रूप से विवाद बढ़ता चला गया। मामले में सबसे गंभीर आरोप यह है कि आज ही रात के समय भारी वाहन के जरिए एक पेड़ को गिराकर सीधे गोपाल दास के घर की ओर ढकेल दिया गया। घटना के दौरान घर में मौजूद गोपाल दास ने किसी तरह बाहर निकलकर अपनी जान बचाई। गनीमत रही कि कोई जनहानि नहीं हुई, अन्यथा बड़ा हादसा हो सकता था।



# ऑल इंडिया यूथ फेडरेशन की बैठक आयोजित

**नवभारत न्यूज**
**सिंगरौली 12 अप्रैल।** ऑल इंडिया यूथ फेडरेशन जिला सिंगरौली के संयोजन समिति की बैठक संपन्न हुई। उक्त बैठक बैठक की अध्यक्षता कामरेड अक्षय कुमार भारती जिला संयोजक ने की उक्त बैठक में मुख्य रूप से सदस्यता अभियान एवं ब्लॉक कमेटी के गठन पर चर्चा हुई। बैठक में निर्णय लिया गया की सभी लोग मिलकर जिले के सभी ब्लॉकों में सदस्यता अभियान चलाएं एवं ब्लॉक कमेटी का गठन कर जिला सम्मेलन के लिए डेली गेट का चयन कर जिला सम्मेलन मई महीने में ही आयोजित किया जाएगा। उक्त बैठक में अक्षय कुमार भारती, कृष्ण चंद्र नामदेव, अजय नामदेव समेत अन्य मौजूद रहे।

# सड़क जाम किया तो नप अध्यक्ष एवं पार्षदों ने दर्ज करा दिया एफआईआर

## शव को सड़क पर रखकर धरना प्रदर्शन करना पड़ा भारी, राजेश जायसवाल एवं नीरज भारती पर एफआईआर दर्ज

**नवभारत न्यूज**
**सरई 12 अप्रैल। नगर परिषद सरई में पिछले दिनों 7 अप्रैल को फ्लोरी मिक्सर मशीन के चालक ने सरई निवासी राजेश मिश्रा को कुचल दिया था। जहां उनकी मौत होने के बाद गुस्साए मृतक के परिजन एवं अन्य ने थाना के सामने शव रखकर आरोपियों के विरूद्ध कार्रवाई किये जाने एवं परिजनों के आश्रितो को सहायता राशि तथा अन्य सहयोग किये जाने की मांग कर रहे थे। जहां आधी रात को मामला किसी तरह सुलझा, लेकिन अब सड़क पर शव रखकर विरोध करना भारी पड़ रहा है।**

दरअसल यहां बताते चले कि नगर परिषद के वार्ड क्रमांक 5 में नाली निर्माण का कार्य चल रहा था। सरई निवासी राजेश मिश्रा गुणवत्ता विहीन कार्य को लेकर लगातार विरोध कर रहे थे। शिकायतकर्ता का यह विरोध ठेकेदार को नागवार गुजर रहा था। मृतक के परिजनों का आरोप है कि 7 अप्रैल को फ्लोरी मिक्सर मशीन के चालक ने कुचल दिया, जहां राजेश मिश्रा की मौत हो गई। इस घटना के बाद गुस्साए मृतक के परिजन एवं नगर परिषद के नागरिक शव को थाना के सामने रखते हुये विरोध करना शुरू कर दिया। उनकी मांग थी कि मृतक के आश्रितो को नौकरी मिली और सीएमओ समेत ठेकेदार तथा चालक पर हत्या का अपराध पंजीबद्ध हो। आर्थिक सहायता राशि दी जाए। आधी रात तक यह हंगामा चलता रहा। अंततः एसडीओपी, तहसीलदार व टीआई के हस्तक्षेप एवं समझाइस के बाद मामला शांत हुआ, लेकिन अब उक्त मामले में नया मोड़ आ गया है। नप अध्यक्ष अनुराधा सिंह, पार्षद रिहाना शहजाद खान, रेश्मा गुप्ता, श्यामकली, राघव सिंह, पार्षद प्रेम सिंह भाटी ने संयुक्त रूप से थाना प्रभारी सरई को आवेदन पत्र देकर भीड़ को उसकाने एवं सड़क मार्ग को अवरूद्ध कराने, झूठा प्रलोभन देने का आरोप लगाते हुये राजेश जायसवाल एवं नीरज भारती के विरूद्ध अपराधिक प्रकरण पंजीबद्ध किये जाने की मांग की है और पुलिस ने अपराध भी दर्ज की है। अब सरई में मामला तूल पकड़ लिया है। मृतक राजेश की पत्नी एवं रिश्तेदार साला ने कहा है कि राजेश जायसवाल एवं नीरज भारती नही उसकाया है, सभी न्याय की मांग के लिए अड़े हुये थे। इस घटना में पूरी गलती ठेकेदार एवं एक पार्षद की है। जिसके कारण राजेश को वाहन से कुचलवाकर मौत के घाट उतरवा दिया।

### भ्रष्टाचार को छुपाने के लिए कुचक्र चाल

नगर परिषद सरई के कई वार्डो में नाली सड़क समेत अन्य कार्य कराया जाए। लगातार शिकायते भी आ रही हैं कि क्रियान्वयन एजेंसी एवं ठेकेदार की मिलीभगत से निर्माण कार्यो में व्यापक पैमाने पर अनियमितताएं की जा रही हैं। गुणवत्ता विहीन कार्य कराए जा रहे हैं। मृतक राजेश मिश्रा इसके पूर्व इसी का विरोध कर रहे थे और अब आगे कोई भी इस तरह का हिमाकत न करे, इसके लिए पुलिस का सहारा लिया जा रहा है। हालांकि आरोप है कि पुलिस भी भरपूर सहयोग कर रही है। शिकायत कर्ताओं ने जो आवेदन पत्र बनाया है, कहीं न कहीं पुलिस की भाषा लग रही है। शायद एक ही टेबल पर बैठकर आवेदन बनाया गया है और अब यह मामला राजनैतिक तूल लेने लगा है।